बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

पत्रांक : बु0वि0 / प0नि0का0 / 2024 / 5937 दिनांक : 11 / 12 / 2024

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्नातक एवं परास्नातक स्तर के व्यावसायिक एवं गैर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की अंतिम तिथि दिनांक– 10 / 12 / 2024 तक निर्धारित की गयी थी। किन्तु कतिपय महाविद्यालयों एवं छात्रों द्वारा प्रत्यावेदन प्राप्त हुए है जिनमें अन्तिम तिथि को विस्तरित करने का अनुरोध किया गया है।

अतः छात्रहित में उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की अन्तिम तिथि दिनांक– 12 / 12 / 2024 तक बिना विलम्ब शुल्क के तथा दिनांक– 13 / 12 / 2024 तक रु0 500 / – विलम्ब शुल्क के साथ विस्तरित की जाती है। साथ ही अवगत कराना है कि द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम वर्ष में प्रवेश कन्फर्मेशन / प्रमोशन (कक्षोन्नति) (प्रथम वर्ष को छोड़कर) की अन्तिम तिथि को दिनांक– 13 / 12 / 2024 तक विस्तरित किया जाता है। उपरोक्त से आच्छादित सभी सम्बन्धित अभ्यर्थी अपने महाविद्यालय / विभाग से सम्पर्क कर प्रवेश कन्फर्म करालें। यह भी कि उक्त तिथि तक प्रवेश कन्फर्म न करने वाले अभ्यर्थियों को कोई भी और अवसर प्रदान नहीं दिया जाएगा।

(राजबहादुर)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक आज, हिन्दुस्तान में अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. सम्बन्धित समस्त विभागाध्यक्ष / प्राचार्य / प्राचार्या।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय / एकेडमिक)।
4. डॉ0 दीपक तोमर / ई0 साबिर अली, सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. प्रशासनिक अधिकारी (परीक्षा / अतिगोपनीय)।
6. कुलपति जी के निजी सचिव को, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. आशुलिपिक, कुलसचिव / वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक।

परीक्षा नियंत्रक

Office Order 2022